Dated: 26/11/2019

भारतीय संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का बेहतरीन संविधान हैः डा.शेख अक़ील अहमद

उर्दू परिषद के प्रधान कार्यालय में 'संविधान दिवस' का आयोजन

नई दिल्लीः भारतीय संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश का बेहतरीन संविधान है। इस संविधान के निर्माण में हमारे पूर्वजों ने जो कार्य किया है उसी को याद करने के लिए 26 नवंबर हर वर्ष संविधान दिवस के रूप में देशभर में मनाया जाता है। इस दिन 1949 ई0 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान अस्तित्व में आया। इस संविधान में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने, बंधुता बढ़ाने पर बल दिया गया है। यह विचार राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के निदेशक डा.शेख अक़ील अहमद ने संविधान दिवस के अवसर पर उर्दू परिषद के प्रधान कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान ने अपने नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं, इसलिए नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वह दिल से इसका सम्मान करें और अपने जीवन में भी इसे लागू करें। डा.शेख अक़ील अहमद ने कहा कि हमें संविधान में दिए गए अधिकारों के मद्देनजर देश के विकास में बढ़–चढ़ कर योगदान देना चाहिए और अपने

कर्तव्यों का निर्वहन इबादत की तरह करना चाहिए। इस अवसर पर उर्दू परिषद के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

(जनसंपर्क प्रकोष्ठ)